## सार-समाचार

### जेल के बाहर मिलेगा शीतल पेयजल



**करौली, (निसं)।** करौली जेल के मुख्य दरवाजे के बाहर अब राह चलते हुए राहगीरों व कैदियों से मिलने के लिए आने बाले परिजनों को लिए ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए भामाशाह नानपुर सरपंच पुत्र बबलू मीना द्वारा करीब 50 हजार रुपए की कीमत का वाटर कूलर भेंट किया है। सरपंच प्रतिनिधी बबलू मीणा द्वारा दिये गये वाटर कूलर का करौली जेल प्रभारी सीताराम सौलंकी व बबलू मीना सरपंच ने मंगलवार को शुभारंभ किया।करौली जेलर सीताराम सौलंकी ने बताया कि गर्मी के मौसम में गर्म पानी से निजात पाने के लिए जेल में कैदियों से मिलने के लिए आने बाले परिजनों व राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वाटर कूलर भेंट किया गया। यह बहुत सराहनीय कार्य है। इस मौके पर करौली जेलर सीताराम सोलंकी,आरएसी इंचार्ज कमलेश मीना,हैड कांस्टेबल बसीर खान, अनिल कुमार रामबीर मीना छात्र नेता,राघव मीना, जीसान खान आदि मौजूद रहे।

### शव मिलने से फैली सनसनी

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** हिण्डौन-करौली सड़क मार्ग पर स्थित गांव जमालपुर में मंगलवार सुबह एक होटल के पास 32 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सुनील मीणा, पुत्र स्वरूप मीणा, निवासी मैडी, थाना वजीरपुर के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने नशे की ओवरडोज को मौत का कारण माना है। सुबह करीब 8 बजे सूचना मिलने पर हिंडौन सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को मौके पर नशे में प्रयुक्त इंजेक्शन और अन्य सामठाी मिली। मृतक के परिजनों ने बताया कि सुनील पिछले 10 दिनों से घर से बाहर था और शादियों में इधर-उधर घूम रहा था। वह नशे का आदी था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह ने बताया, "प्रथम दृष्टया मृतक की मौत नशे की ओवरडोज से हुई प्रतीत होती है। शव को पोस्टमार्टम के लिए हिंडौन जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के सटीक कारण का पता चलेगा।" घटनास्थल पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह, पुलिस उपाधीक्षक गिरधर सिंह, सदर थाना अधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा सहित पुलिस जाप्ता मौजूद रहा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।क्षेत्र में नशे की बढ़ती समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है। इस घटना ने प्रशासन के सामने नशाखोरी रो

### परशुराम जन्मोत्सव मनाया

**भरतपरु, (निसं)।** मंगलवार को आरवीएम अस्पताल में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के बड़ी धूमधाम से अस्पताल परिसर में मनाया गया इस अवसर पर सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी तस्वीर पर डॉ विवेक भारद्वाज डॉ आर डी शर्मा,डॉ सुनील पाठक ,डॉ हरीश शर्मा, डॉ अरुण मोहन दुबे डॉ भूपेंद्र कौशिक, डॉ प्रवीण शर्मा नर्सिंग अधिकारी विष्णु शर्मा दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात भगवान परशुराम की तस्वीर पर डॉ आनंद शर्मा, डॉ अनुभूति शर्मा,भूदेव शर्मा ,महेंद्र शर्मा , विष्णु गोपालगढ़ ,नितिन शर्मा, देवव्रत शर्मा टिना , जयंत किया माल्यार्पण इस अवसर पर चिकित्सक अधीक्षक नगेंद्र भदोरिया ने कहा कि भगवान परशुराम तप त्याग पराक्रम की श्रेष्ठ अभिव्यक्ति है उन्होंने कहा मानव जीवन विद्या विवेक और साहस समृद्ध सभी स्वस्थ रहे ऐसी शुभकामना व्यक्त की इस अवसर पर प्रसादी का वितरण किया गया इस अवसर पर नर्सिंग अधीक्षक सुनीता शर्मा ,ब्राह्मण सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष कौशलेश शर्मा, लखन शर्मा, अशोक काका, उमेश शर्मा, सत्येंद्र चाहर, बनवारी शर्मा, दिनेश शर्मा ,अनिल भारद्वाज , शुभनेश पाराशर ,अरुण पाठक हेमराज सोनू ,अनिरुद्ध ,अंकित शर्मा ,प्रिंस शर्मा ,आकाश शर्मा आदि समस्त अस्पताल स्टाफ मौजूद रहे भूदेव शर्मा देवव्रत शर्मा नितिन शर्मा ने सभी को धन्यवाद व्यक्त किया

### रमन कुमार शर्मा को दी विदाई

**भरतपुर, (निसं)।** नगर बार एसोसिएशन द्वारा अतिरिक्त मुख्य धार्मिक मजिस्ट्रेट रमन कुमार शर्मा का नगर से रविवार को आयोजित होने वाले समारोह में अपर जिला एवं सत्रह न्यायाधीश निखिल सिंह की निगरानी में नागालैण्ड नगर के ब्राह्मण आश्रम का आयोजन किया गया। अतिरिक्त मुख्य मंदिर के निर्माता रमन कुमार शर्मा को माला साफा स्मृति चिह्न शाल दुपट्टा श्रीफल उद्योग कर भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में अतिरिक्त मुख्य दिग्गज कलाकार प्रतीक दाधीच, मुकेश कुमार, अध्यक्ष पवन प्रधान, हकीमुद्दीन खान, संदीप मदान ने अपने पद की शोभा बढ़ाई और भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ये हैं अवसर मुरारीलाल, अशोक शर्मा, राजेश शर्मा, अनिल शुक्ला, तेजपाल चौहान, करतार सिंह, बच्चूसिंह, जुनैद खान, राहुल खान, गुलफाम खान, हर्ष सिंह, प्रद्युम्न कटारा, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्यामबाबू सेठी ने किया।

### भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन

**भरतपुर, (निसं)।** ब्राह्मण सभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा श्री परशुराम भगवान के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा धर्मशाला पर भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कि समस्त ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने हिस्सा लिया। जिला अध्यक्ष संगीता शर्मा ,सीमा शर्मा ,अनुराधा शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम जो की चिरंजीवी है वह इस कलयुग में अभी भी विद्यमान है और महेंद्र गिरी पर्वत पर आज भी अप्रत्यक्ष रूप में रहते हैं। उपाध्यक्ष नीलम शर्मा नीतू शर्मा ने बताया कि यह हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि हम परशुराम जी के वंशज हैं उनकी परंपरा को आगे बढ़ने का हमें अवसर मिला है।

# देश, समाज व मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा : गुप्ता



समृद्ध ग्राम्य अभियान के सहयोग से बना यात्री प्रतीक्षालय व आंगनबाड़ी केंद्र

**भरतपुर, (निसं)।** श्री कृष्णा सुदर्शन ऊर्जा कम्पनी द्वारा उपलब्ध कराए गए आर्थिक सहयोग से समृद्ध ग्राम्य अभियान संस्था ने जयपुर - टोंक सड़क मार्ग पर स्थित वनस्थली मोड़ पर बनाये गए यात्री प्रतीक्षालय एवं पलेई गाँव में बनाये गए आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण कम्पनी के संचालक अजय सांघी, समृद्ध ठााम्य अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता, निवाई नगर पालिका के चेयरमैन दिलीप ईसरानी ने किया।

निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि देश, समाज एवं मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है।जो व्यक्ति निस्वार्थ भाव से कार्य और सेवा करता है।साथ ही शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, चिकित्सा पर्यावरण, रोजगार, प्राकृतिक खेती क्षेत्र में काम करता है। वह व्यक्ति महान और परोपकारी होता है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्णा सुदर्शन ऊर्जा समूह के द्वारा वनस्थली मोड पर वनस्थली विद्यापीठ की छात्राओं राहगीर और जयपुर कोटा वाया टोंक मार्ग पर सफर करने वालों के लिए आधुनिक यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया है , जो यात्री, राहगीर व छात्राओं के लिए लाभकारी साबित होगा। ऐसे कार्यों से भामाशाहों को प्रेरणा लेनी चाहिए।चेयरमैन अजय सांघी ने कहा कि सीताराम गुप्ता के आठाह पर बस स्टैंड का निर्माण कराया गया, जो वनस्थली मोड पर बनाया गया। ये समाज की धरोहर है,जिस की देखभाल, सुरक्षा करना सभी लोगों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सीताराम गुप्ता हमेशा ग्रामीण विकास, आत्मनिर्भरता, प्राकृतिक खेती, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण आदि के लिए कार्य करते हैं साथ ही अन्य लोगों को भी इस प्रकार के कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। निवाई पालिका के अध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने कहा कि विकास एवं समाज सेवा के क्षेत्र में भामाशाहों के सहयोग के अति जरूरत होती है जो क्षेत्र के विकास में अपना पूरा योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि वनस्थली मोड पर निर्माण हुए बस स्टैंड व तिराया की सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पलेई प्रशासन भवानी सिंह राजपूत, कुम्हेर सीडीपीओ महेंद्र अवस्थी, श्री कृष्णा सुदर्शन ऊर्जा कंपनी के जनरल मैनेजर मुकेश शर्मा, प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता नितिन शर्मा, सुपरवाइजर गंगा मीणा, विष्णु मित्तल, सीमा पारि, उषा शर्मा,कृष्णा चौधरी, मोनू सेन, राजेंद्र शर्मा, कन्हैया लाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया



भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया।

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** ब्राह्मण समाज हिंडौन सिटी द्वारा मंगलवार को ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। सुबह 9 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में हजारों ब्राह्मण बंधुओं ने हिस्सा लिया। आयोजन की अध्यक्षता ब्राह्मण समाज हिंडौन सिटी के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने की।

कार्यक्रम में भगवान परशुराम जी का अभिषेक किया गया, उन्हें नवीन वस्त्र पहनाए गए और आचार्य अवधेश शास्त्री द्वारा विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद महा आरती का आयोजन हुआ, जिसमें शहर के हजारों ब्राह्मण बंधुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज की आर्थिक रूप से कमजोर विधवा महिलाओं को मासिक पेंशन राशि भी वितरित की गई।

अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने सभी उपस्थित लोगों को जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं और प्रसाद वितरण किया। उन्होंने कहा, "भगवान परशुराम के जीवन से हमें न्याय, धर्म और कर्मठता की प्रेरणा मिलती है।


**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**
**सं. ईएल/50/एनआईटी/39 (2025-26)**
**दिनांक: 25.04.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **(1) निविदा संख्या:** ईएल/50/252R/2025-26 **कार्य का नाम:** कोटा मंडल- शेष 12 नंबर एस्कालेटर्स का 05 स्टेशनों (SWM-5, BTE-1, GGC-1, HAN-2, RMA-3) के 12 मीटर विस्तृत केंद्रीय FOB पर दिव्यांगजनों सहित यात्रियों के लिए ABSS के तहत प्रावधान। **अनुमानित लागत:** ₹ 13,19,07,756.51/- **बयाना राशि:** ₹ 8,09,500/- **कार्य समाप्ति अवधि:** 18 माह **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय:** 19.05.2025 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें।

(हस्ता.)
कृते वरि.मण्डल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


# 'अवैध खनन में पुलिस की संलिप्तता न हो तो अच्छा'



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक व भरतपुर रेंज प्रभारी विपिन कुमार पांडेय ने रेंज के अधिकारियों की बैठक ली।

**भरतपुर, (निसं)।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं भरतपुर रेंज प्रभारी विपिन कुमार पांडेय ने रेंज के अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर आईजी राहुल कुमार एसपी मृदुल कच्छावा करौली एसपी ब्रजेश ज्योति उपाध्याय सहित रेंज के एसपी एएसपी सहित अन्य बड़े अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों से अपराध की स्थिति को जाना। एडीजीपी ने अवैध माइनिंग को लेकर कहा कि अवैध माइनिंग नहीं होनी चाहिए। अगर इसमें पुलिस की संलिप्तता नहीं हो तो, बहुत अच्छी चीज रहेगी। अगर किसी की संलिप्तता पाई जाती है तो, उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

भरतपुर रेंज प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि रेंज के अधिकारियों से अपराध और कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में चर्चा की है। इसके अलावा पहलगाम की घटना के बाद रेंज में किस तरह से सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया की यहां जो भी विरोध धरना प्रदर्शन हुए वह बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से हुए हैं। आने वाले दिनों पर इस पर और भी ज्यादा निगरानी रखने की जरूरत है। सभी क्षेत्रों में अपराध की समीक्षा की गई। अपराध में कमी आई है कुछ क्षेत्र में सुधार की जरूरत है।

यह भी देखा गया कि सरकार और उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद जो अभियान चलाया जाता है। उसके प्रगीत क्या हो रही है। साइबर क्राइम को लेकर अच्छा काम हुआ है उसे और भी आगे गति देने की जरूरत है। साइबर अपराधी पुलिस के बाद अपनी जगह बदल देते हैं। उस पर निगरानी रखने की जरूरत है। नए एक्ट की तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई। ओवरऑल रेंज पुलिस का काम अच्छा है। प्रमोशन की बात है तो, उसको लेकर राज्य सरकार ने संज्ञान लिया है। जो मुद्दे उन्होंने उठाये हैं उसमें जल्द काम होगा। गैलेंट्री प्रमोशन को लेकर कमेटी बनी हुई है। यह परमानेंट कमेटी होती है। समस्या यह आई थी हमारे प्रमोशन अटके हुए थे। गैलेंट्री प्रमोशन दे देंगे और, उस साल वैकेंसी नहीं आएगी तो, 10 प्रतिशत कैसे निकलेगा। टोटल प्रमोशन का 10 प्रतिशत गैलेंट्री में जाता है।

अवैध माइनिंग को लेकर एडीजीपी पाण्डेय ने कहा कि अवैध माइनिंग नहीं होनी चाहिए। अगर इसमें पुलिस की संलिप्तता नहीं हो तो, बहुत अच्छी चीज रहेगी। अगर किसी की संलिप्तता पाई जाती है तो, उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## शोक सभा का आयोजन, श्रद्धांजलि दी

**निसं, (निसं)।** भारत के प्रमुख पर्यटक स्थल जम्मू कश्मीर के पहलगाम में सहपरिवार घूमने गए देश और विदेश के पर्यटकों की खूबसूरत वादियों को लघु लूहान करते हुए उनके परिजनों के समक्ष आतंकवादियों के द्वारा 27 पर्यटकों की नृपशंस हत्या कर दी गई। इस संदर्भ में मंगलवार को पंच फरेटिया धर्मशाला में सर्व समाज के प्रबुद्ध लोगों के द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया।

शोक सभा की अध्यक्षता करौली महाविद्यालय के प्राचार्य बीएल बैरवा के द्वारा की गई शोक सभा में बोलते हुए करौली महाविद्यालय के प्रोफेसर नत्थू सिंह ने बताया की ऐसी विषम परिस्थिति में सभी समाजों को जात-पात से अलग हटकर एकजुट होने की आवश्यकता है। मुकेश सालौत्री ने ऐसी घटनाओ से सतर्क रह कर भारत सरकार के माध्यम से उचित एवं प्रभावी कार्रवाई किए जाने आवश्यकता जताई तथा विरोध में करौली के सभी नागरिकों के द्वारा मौन जुलूस निकाले जाने का सुझाव दिया।

विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चैरजी सिंह ने धर्म के नाम पर हत्या किए जाने पर रोष व्यक्त किया तथा प्रभावी कार्यवाही की मांग की कृष्ण अवतार सिंह ने हमले को कार्यकर्तापूर्ण बताया, बृजलाल मीणा में आतंकवादी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने की आवश्यकता जताई ओम प्रकाश गुप्ता ने आतंकवादियों के सामाजिक बहिष्कार पर जोर दिए जाने पर वल दिया अठावाल समाज के अध्यक्ष बृजलाल गुप्ता ने पाकिस्तान द्वारा धर्म आधारित आतंकवादी हमले को कायरतापूर्ण बताया,प्रजापत समाज के अध्यक्ष रामेश्वर प्रजापत ने पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही किए जाने कि मांग रखी इतिहासकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता वेणुगोपाल शर्मा ने बताया कि धर्म आधारित हमला कायरता पूर्ण है।

इसकी जितनी निंदा की जाए कम है उन्होंने बताया कि अक्सर ऐसा कहा और सुना जाता है कि आतंकवादी और अपराधियों की कोई जात और धर्म नहीं होता लेकिन इस आतंकवादी हमले ने यह सिद्ध कर दिया कि जितने भी आतंकवादी थे वह सारे मुस्लिम थे ऐसी स्थिति में धर्म आधारित आतंकवाद से देश कैसे सुरक्षित रह पाएगा यह एक विचारनीय प्रश्न है यह सौहार्द बिगाड़ने की साजिश है इसकी पुनरावृति ना हो इसके लिए केंद्र सरकार को पर्यटकों की सुरक्षा के लिए माकूल सुरक्षा व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता जताई।


**पश्चिम मध्य रेल**

**निविदा सूचना**
**दिनांक: 24.04.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं. एवं दू.सं. इंजी. (सिग्नल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल, निम्नलिखित कार्यों Tender No. KOTA/SNT/SIG/2024/20R1, KOTA/SNT/SIG/2024/21 के लिये निर्धारित ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय टेबल में दर्शाया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैन्युअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैन्युअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जायेगा। **(1) टेण्डर सं:** कोटा/एसएण्डटी/सिंग./2024/20R1 **कार्य का नाम:** रिप्लेसउमेन्ट ऑफ इन्टेग्रेटेड पावर सप्लाई सिस्टम बेसड़ आन कोडल लाइफ इन कोटा डिविजन। (11 स्टेशन्स् एण्ड 14 आइबीएच) **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 2,82,97,425.56/- **बयाना राशि:** ₹ 2,91,500/- **तारीख एवं समय:** दिनांक 28.05.2025 को 15.00 बजे तक **(2) टेण्डर सं:** कोटा/एसएण्डटी/सिंग./2024/21 **कार्य का नाम:** इनहेन्सिंग सिगनलिंग सेफ्टी बाय रिप्लेसमेन्ट ऑफ ईएलडी (14 स्टेशनस्), ड्यूल फ्यूज अलार्म (30 स्टेशन्स्) एण्ड ऑल्ड एण्ड आउटलिव्ड बैट्ररिस् (33 लोकेशन्स्) ऑन कोटा डिवीजन। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 2,93,75,521.74/- **बयाना राशि:** ₹ 2,96,900/- **तारीख एवं समय:** दिनांक 21.05.2025 को 15.00 बजे तक. पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया हैं। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय अपलोड किया जाना चाहिये। पंजीकृत निविदा एण्ड GSTIN रजिस्टर होना चाहिये।

(हस्ता.)
वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी. (समन्वय),
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मण्डल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


## बैठक का आयोजन

**करौली, (निसं)।** माली समाज के महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान करौली के तत्वावधान में आगामी देवउठनी एकादशी 2 नवंबर को माली समाज का सातवां सामूहिक विवाह सम्मेलन छात्रावास परिसर में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को मंदिर श्री सीताराम जी परिसर में समाज के विभिन्न संगठनों की संयुक्त बैठक संस्था अध्यक्ष प्रेमसिंह माली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संस्था सचिव रामगोपाल माली ने बताया कि बैठक में सामूहिक विवाह सम्मेलन को भव्य रूप देने के लिए समाज के सभी संगठनों ने एकजुट होकर तैयारी करने का संकल्प लिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूर्व कार्यकारिणी को यथावत रखते हुए प्रचार-प्रसार के लिए पंपलेट छपवाकर समाज के प्रत्येक घर में वितरित किए।

## शास्त्री उद्यान में बांधे परिंडे

**भरतपुर, (निसं)।** जीव सेवा अभियान के अंतर्गत भारत विकास परिषद लोहागढ़ शाखा के पदाधिकारियों द्वारा गर्मी में गिलहरी एवं पक्षियों को ठंडा पानी मिल सके उसके लिए संरक्षक अनिल लोहिया के निर्देशन एवं परिषद अध्यक्ष डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित की मौजूदगी में विश्वप्रिय शास्त्री उद्यान में परिंडे टांगें गये।

## मन की बात कार्यक्रम सुना

**करौली, (निसं)।** भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में करौली शहर के सभी शक्ति केन्द्रो पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 121वें एपिसोड देखा और सुना गया।

मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरा देश दुखी है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सौरया, पंचायत समिति करौली, जिला करौली**

क्रमांक: Spl-8 **ई-निविदा सूचना** 01/2025-2026 दिनांक: 28.04.2025

ग्राम पंचायत सौरया, पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यूक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मों/सप्लायर्स/ इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपणन एजेन्टो से दिनांक 31.03.2026 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in एवं https://.sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

प्रशासक, ग्राम पंचायत सौरया — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सौरया



**कार्यालय ग्राम पंचायत झीलरा, पंचायत समिति सैपऊ( धौलपुर )**

क्रमांक:-ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2025/06 दिनांक:28.04.2025

**ई-निविदा सूचना 01/2025-2026**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में ग्रामीण विकास तथा पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यो में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मो से ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 02.05.2025 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2526GLRC00055 है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशासक, ग्राम पंचायत झीलरा — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत झीलरा


# विश्व शांति व मानव कल्याण की भावना को लेकर हुआ हवन यज्ञ



विश्व शांति व मानव कल्याण की भावना को लेकर हुआ हवन यज्ञ हुआ।

**भुसावर/भरतपुर, (निसं)।** भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव भुसावर कस्बे में धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक मंगलवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो के साथ मनाया गया जहां प्रातः से ही भगवान परशुराम मंदिर पहुंचकर लोगों ने पूजा अर्चना कर मनोकामनाएं मांगी।

वहीं कोठी वाले हनुमान जी मंदिर के महंत महेश चन्द शर्मा शर्मा जति ने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भृगुश्रेष्ठ महर्षि जमदग्नि द्वारा संपन्न पुत्रसृष्टि यज्ञ से प्रसन्न देवराज इंद्र के वरदान से वैशाख महीने की शुक्ल पक्ष

**■ महा आरती में उमड़े ब्राह्मण समाज के लोग**

की तृतीया तिथि को भगवान परशुराम का जन्म हुआ था इसी के उपलक्ष में भुसावर कस्बे के बस स्टैंड के पास भगवान परशुराम मंदिर परिसर में आज मंगलवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जहां सर्वप्रथम मंदिर प्रांगण में फूल बंगला झांकी, भगवान परशुराम का अभिषेक, भगवान परशुराम जी की प्रतिमा का अलौकिक मनमोहक श्रृंगार करते हुए विश्व शांति एवं मानव कल्याण की भावना को लेकर पंडित बबलू नवारिया ने मंत्रउच्चारण के साथ उपस्थित ब्राह्मण समाज के लोगों को आहुतियां प्रदान करवाई गई और भगवान परशुराम जी की महा आरती करने के बाद पर प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर परशुराम अखाड़ा के उस्ताद महेश चन्द पाण्डेय, प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र कुमार, सेवानिवृत अध्यापक बुजुर्ग बाबूलाल पाण्डेय, पेंशनर समाज उप शाखा भुसावर के अध्यक्ष महेश चंद जती, उमेश, गोविंद माधव सहित सैकड़ो की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग महिला एवं बच्चे शामिल रहे। वही भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा के पदाधिकारियो ने भी भगवान परशुराम मंदिर पहुंचकर माल्यार्पण करते हुए भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया।

## महिला चिकित्सक ने दर्ज कराया मुकदमा

**करौली, (निसं)।** महिला चिकित्सक ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व कार्यालय के एक कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया महिला थाना अधिकारी रुक्मणी गुर्जर ने मुकदमा दर्ज किया और पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम मुकदमा में अनुसंधान जारी किया

ज्ञात रहे जिले के मंडरायल उपखंड में स्थित रोधई अस्पताल में कार्यरत एक महिला चिकित्सक को प्रताड़ित करने सुविधा शुल्क मांगने के अलावा अस्मत मांगने के आरोप के मामले की शिकायत का पत्र वायरल होने के बाद मामला दिन प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है । जिस मामले में सीएमएचओ डॉक्टर दिनेश मीणा ने सीएम एच ओ कार्यालय के एक कार्मिकों को प्रथम दृष्टिया दोषी मानते हुए एपीओ करते हुए जयपुर मुख्यालय के लिए कार्यमुक्त कर दिया उधर महिला डॉक्टर की शिकायत पर जयपुर चिकित्सा विभाग की ओर से तीन सदस्य गठित टीम के द्वारा गत दिन सोमवार को करौली पहुंचकर रोधई मंडरायल अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारियों के बयान दर्ज किया उसके बाद सीएमएचओ कार्यालय में सीएमएचओ डॉक्टर दिनेश चंद मीणा सहित कार्मिक इमरान खान और राहुल मीणा के भी बयान दर्ज किया इनके अलावा अन्य कार्मिकों के भी एवं ठाामीणों के भी बयान दर्ज किया जिस मामले में जांच टीम के डॉक्टर रामबाबू जायसवाल ने बताया कि 150 पन्नों की जांच है जिसका विश्लेषण किया जा रहा है और शीघ्र ही जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को पेश की जावेगी

इधर पीड़ित पीड़ित महिला चिकित्सक ने महिला थाने पर सीएमएचओ सहित कार्मिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है थानाधिकारी रुक्मणी गुर्जर ने मुकदमा दर्ज किया और उसे मुकदमा में पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने अनुसंधान जारी किया इस पूरे मामले का खुलासा तब होगा जब चिकित्सा विभाग की गठित तीन सदस्य टीम अपनी जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को पेश करेगी और इधर थाने पर दर्ज मुकदमा में पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम अनुसंधान रिपोर्ट पेश करेंगे।


**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**
सार्वजनिक सूचना

क्रमांक : न.नि.भ./स्कीम/2025-26/1477 दिनांक : 28.04.2025

न्यू पुष्प वाटिका फेज-I योजना भरतपुर के भूखण्ड संख्या 238 & 263 क्षेत्रफल 400 वर्गगज का आवासीय रूपान्तरण( फ्री होल्ड )पट्टा विलेख क्रमांक 136 दिनांक 03.09.2024 नगर निगम, भरतपुर द्वारा श्रीमती मिथलेश पत्नी श्री शशी कुमार जाति ब्राह्मण निवासी - 108, कृष्णा नगर, भरतपुर के नाम जारी किया गया।उक्त भूखण्ड का उपविभाजन नगर निगम के पत्रांक 319-20 दिनांक 04.04.2025 के द्वारा श्रीमती मिथलेश पत्नी श्री शशी कुमार के नाम हो चुका है। भूखण्ड संख्या 238 & 263 का खेत्रफल 200 वर्गगज व भूखण्ड संख्या 2038 & 263-A का क्षेत्रफल 200 वर्गगज है। भूखण्ड संख्या 238 & 263 श्रीमती मिथलेश पत्नी श्री शशी कुमार ने श्री कपिल डागर पुत्र श्री प्रीत सिंह को विक्रय कर दिया। आवेदक श्री कपिल डागर पुत्र श्री प्रीत सिंह जाति जाट निवासी-200, अधिकारी मौहल्ला, मैदान गढ़ी, साउथ दिल्ली हाल 220, न्यू पुष्पवाटिका, भरतपुर उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं। भूखण्ड संख्या 238 & 263, न्यू पुष्पवाटिका फेज-I, भरतपुर का नाम परिवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है।

भूखण्ड संख्या 238 & 263, न्यू पुष्पवाटिका फेज-I, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद भूखण्ड संख्या 238 & 263, न्यू पुष्पवाटिका फेज-I, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

प्रभारी अधिकारी
स्कीम शाखा, नगर निगम, भरतपुर



**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**
सार्वजनिक सूचना

क्रमांक : न.नि.भ./स्कीम/2025-26/1477 दिनांक : 28.04.2025

न्यू पुष्प वाटिका फेज-I योजना भरतपुर के भूखण्ड संख्या 238 & 263 क्षेत्रफल 400 वर्गगज का आवासीय रूपान्तरण( फ्री होल्ड )पट्टा विलेख क्रमांक 136 दिनांक 03.09.2024 नगर निगम, भरतपुर द्वारा श्रीमती मिथलेश पत्नी श्री शशी कुमार जाति ब्राह्मण निवासी - 108, कृष्णा नगर, भरतपुर के नाम जारी किया गया।उक्त भूखण्ड का उपविभाजन नगर निगम के पत्रांक 319-20 दिनांक 04.04.2025 के द्वारा श्रीमती मिथलेश पत्नी श्री शशी कुमार के नाम हो चुका है। भूखण्ड संख्या 238 & 263 का खेत्रफल 200 वर्गगज व भूखण्ड संख्या 2038 & 263-A का क्षेत्रफल 200 वर्गगज है। भूखण्ड संख्या 238 & 263 श्रीमती मिथलेश पत्नी श्री शशी कुमार ने श्री कपिल डागर पुत्र श्री प्रीत सिंह को विक्रय कर दिया। आवेदक श्री कपिल डागर पुत्र श्री प्रीत सिंह जाति जाट निवासी-200, अधिकारी मौहल्ला, मैदान गढ़ी, साउथ दिल्ली हाल 220, न्यू पुष्पवाटिका, भरतपुर उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं। भूखण्ड संख्या 238 & 263, न्यू पुष्पवाटिका फेज-I, भरतपुर का नाम परिवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है।

भूखण्ड संख्या 238 & 263, न्यू पुष्पवाटिका फेज-I, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद भूखण्ड संख्या 238 & 263, न्यू पुष्पवाटिका फेज-I, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

प्रभारी अधिकारी
स्कीम शाखा, नगर निगम, भरतपुर